हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 10 अगस्त 2025

04 रक्षाबंधन को लेकर बच्चों में दिखा खासा उत्साह...



07 उपमंडी परिसर में किया सामाजिक प्रतिभाओं ...





## खबर संक्षेप

### कॉलेज में बीसीए में प्रवेश की अंतिम तिथि आज

**नर्मदापुरम।** प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम में बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशन BCA सत्र 2025 -26 के प्रवेश प्रारंभ हैं जिसमें कुल सीटें 75 हैं। प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। बीसीए में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र पुराना पुस्तकालय भवन या वाणिज्य विभाग में संपर्क कर सकते हैं। पंजीयन 10 अगस्त तक होंगे।

### राज्यपाल पचमढ़ी में करेंगे ध्वजारोहण

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल 15 अगस्त को पचमढ़ी के राज भवन में प्रातः 8:00 बजे ध्वजारोहण करेंगे। तत्संबंध में सभी तैयारी सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को प्रमुख सचिव नवनीत मोहन कोठारी की अध्यक्षता में राजभवन पचमढ़ी में बैठक आयोजित की गई। प्रमुख सचिव कोठारी ने अवगत कराया कि राज्यपाल मंगूभाई पटेल का 14 अगस्त को ही पचमढ़ी आगमन होगा। 15 अगस्त को महामहिम राज्यपाल राज भवन में ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर राज भवन भोपाल एवं अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### सड़क दुर्घटना में मदद करने वाले होंगे पुरस्कृत

**नर्मदापुरम।** सड़क दुर्घटनाओं के बाद स्वर्णिम घंटा के भीतर समय पर चिकित्सा सहायता मिलने से अनेक जीवन बचाए जा सकते हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश शासन द्वारा ₹राह-वीर योजना₹ संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत यदि कोई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुँचाता है, तो उसे 25 हजार रूपए नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। राह-वीर बनने का अर्थ है मानवता की मिसाल पेश करना और दूसरों के जीवन की रक्षा के लिए त्वरित कदम उठाना।

### अधिकारी, कर्मचारी करें हेलमेट का उपयोग

**नर्मदापुरम।** मप्र मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा-129 में निहित प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक दो पहिया वाहन सवारी तथा वाहन चालक को आई.एस.आई. मार्क हेलमेट पहनना आवश्यक है।

## सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की टीम को मिली सफलता

# तीन लोगों पर जानलेवा हमला करने वाला टाइगर पहुंचा वन विहार भोपाल
# कॉलर आईडी लगाने के बाद भी नियंत्रण में नहीं आ रहा था बाघ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जिले की शान तथा पहचान सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में पिछले ढाई माह से एक उद्दंड बाघ प्रबंधन के लिए चिंता का कारण बना था। इस बाघ ने तीन बार मनुष्यों पर हमले किये थे। जिसके कारण अंततः प्रबंधन को बाघ को वन विहार भोपाल पहुंचाना पड़ा है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार टूरिज्म जोन मढ़ई के आसपास कोर क्षेत्र में लगभग ढाई वर्षीय बाघ ने दो बार रिजर्व कर्मियों पर हमले किये थे।

वहीं गत दिनों मछली का शिकार करने पहूंचे एक ग्रामीण युवा को भी बाघ ने बुरी तरह घायल कर दिया था। रिजर्व कर्मियों सहित ग्रामीणों में भय का कारण बन चुका बाघ भविष्य मेन भी मनुष्यों को क्षति पहुंचा सकता था या किसी की जान ले सकता था। इसलिये शुक्रवार को बाघ को सफल रूप से ट्रैंक्यूलाइज़ किया गया तथा सुरक्षित रूप से वन विहार भोपाल पहुंचाया गया है। बाघ को ट्रैंक्यूलाइज़ करने व इसे बाहर पहुंचाने की प्रक्रिया दौरान रिजर्व की एफडी राखी नंदा, एडी अंकित जामोद, डॉ. जीडी शर्मा व स्टाफ कर्मी उपस्थित रहे।

### चार दिन चला ऑपरेशन

रिजर्व सूत्रों के अनुसार कोर क्षेत्र में इस नर बाघ ने दो चौकीदारों और एक युवक पर हमला किया था। अतः जन सुरक्षा व बाघ की सुरक्षा के दृष्टिकोण से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। रिजर्व की फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा के निर्देश अनुसार शुरू किया गया रेस्क्यू ऑपरेशन चार दिन चला। तीन दिन तक रेस्क्यू टीम बाघ को ट्रैंक्यूलाइज़ करने प्रयास करती रही। शुक्रवार को बाघ को ट्रैंक्यूलाइज़ कर इसे पकड़ा गया। अब इसे वन विहार भोपाल भेजा गया है, जहां इसके व्यवहार की लगातार मॉनिटरिंग भी की जाएगी।



### 73 दिन का घटनाक्रम

**28 व 29 मई 2025 की रात-**
लगभग दो वर्ष आयु के बाघ शावक ने 28 एवं 29 मई की दरमियानी रात कोर क्षेत्र में फायर वाचर विजेंद्र तेकाम पर हमला किया था। जिसे साथी चौकीदार रामदास इवने ने विफल किया था।

**14 जून 2025 की दोपहर-**
इसी बाघ शावक ने 14 जून की दोपहर गश्ती कर रहे चौकीदार सट्टूलाल धुर्वे पर हमला किया था। साथी चौकीदार हल्के उईके ने सट्टूलाल धुर्वे की जान बचाई थी।

**28 जून 2025-**
28 जून 2025 को बाघ शावक को ट्रैंक्यूलाइज़ कर कॉलर आईडी लगाई गई थी। ताकि बाघ की मॉनिटरिंग की जा सके और बाघ पुनः किसी और मनुष्य पर हमला ना करे।

**21 व 22 जुलाई 2025 की रात-**
ग्राम टेकापार ब्लॉक सोहागपुर निवासी तीन युवा तवा डैम के बैकवॉटर में नाव से एक टापू पर पहुंचे। जहां बाघ के हमले में 22 वर्षीय राजेंद्र गज्जाम हरिकिशन निवासी ग्राम टेकापार घायल हो गया था। हमलावर बाघ यही माना गया था।

**8 अगस्त 2025-**
तीन लोगों पर जानलेवा हमला करने वाले टाइगर को वन विभाग ने चार दिन की मशक्कत के बाद ट्रैंक्यूलाइज़ किया। बाघ को वन विहार भोपाल भेजा है। एसटीआर के मुताबिक बाघ की हालत ठीक है तथा वन विहार में बाघ की मूवमेंट पर नजर रखी जाएगी।

## त्यौहारी सीजन का फायदा उठाने चलाई बस, यात्रियों को रास्ते में ही उतारा

# अधिक सवारी, मनमाना किराया, बिना परमिट चल रही बस पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रक्षाबंधन के त्योहारी सीजन में नर्मदापुरम जिले में बसों की कमी और अव्यवस्था से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बसों में क्षमता से अधिक भीड़, मनमाना किराया, बिना परमिट संचालन और परिवहन विभाग की ढिलाई ने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा दोनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शुक्रवार रात एक ऐसा ही मामला नर्मदापुरम में सामने आया, जब मालवीय ट्रेवल्स की एक बस (एमपी41पी1000) को अस्थाई पिकनिक परमिट पर भोपाल से चलाया गया। बस में 100 से अधिक यात्रियों को भरकर लाया गया, जिनसे प्रति यात्री रू 150 किराया वसूला गया। हैरानी की बात यह रही कि रात 9:45 बजे भोपाल चौराहे पर ही बस रोककर सभी यात्रियों को उतार दिया गया, जबकि यात्रियों को नर्मदापुरम बस स्टैंड ले जाने का वादा किया गया था।

बसों में क्षमता से अधिक भीड़, मनमाना किराया, बिना परमिट संचालन कर रही बस की शिकायत सामने आई जिस पर आरटीओ ने कार्रवाई कर बस को जब्त कर लिया।



### त्यौहार का उठाया फायदा, क्षमता से अधिक भरी बस

बस में सफर कर रही महिला यात्रियों ने बताया कि न केवल क्षमता से अधिक सवारियां भरी गईं, बल्कि कंडक्टर ने महिलाओं से अभद्र व्यवहार भी किया। महिला यात्री ने बताया कि वे सुबह से इंदौर से अपने बच्चों के साथ निकली थीं। भोपाल में भी घंटों इंतजार के बाद इस बस में जगह मिली, लेकिन बस संचालन के दौरान कंडक्टर ने उनसे रू 150 प्रति यात्री के हिसाब से किराया लिया और छह साल के बच्चों का भी पूरा टिकट वसूला गया। जबकि बच्चों का किराया कम लगता है।

### आरटीओ ने की कार्रवाई, बस को किया जब्त



जब यात्रियों ने हंगामा किया, तो कोतवाली थाना पुलिस के एसआई शरद बर्डे बल के साथ मौके पर पहुंचे। आरटीओ रिंकू शर्मा को सूचना दी गई थी कि बस अवैध तरीके से संचालित हो रही है और यात्रियों से मनमाना किराया वसूला जा रहा है। बावजूद बस आने के 45मिनट बाद आरटीओ शर्मा घटनास्थल पर रात 10:30 बजे पहुंचीं। आरटीओ ने यात्रियों से बातचीत कर उनकी परेशानियां सुनीं और तत्काल कार्रवाई करते हुए बस को जब्त कर थाने में खड़ा कराया। साथ ही ड्राइवर का लाइसेंस सस्पेंड करने और परमिट निरस्त करने की घोषणा की।

### वैध परमिट भी नहीं, हद से ज्यादा भरी थी सवारी

स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया कि जब बस का अस्थाई पिकनिक परमिट शाम 6:29 बजे जारी किया गया, तो उससे पहले ही क्यों यात्रियों को बस में बैठा लिया गया था? यदि बस के पास वैध परमिट था, तो यात्रियों को बस स्टैंड पर क्यों नहीं उतारा गया। साथ ही यात्रियों का कहना था कि बस में इतनी सवारी थी की खड़े होने की भी जगह नहीं बची थी। वहीं बस संचालक द्वारा मौके का फायदा उठाते हुए यात्रियों से ज्यादा किराया वसूला गया जो कि गलत है। बस संचालक को यात्रियों के साथ ऐंसा नहीं करना चाहिए।

## युवक ने खुदकुशी करने नर्मदा में लगाई छलांग, टीम ने बचाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में खर्राघाट स्थित नर्मदा नदी के पुल से एक 28 वर्षीय युवक ने शनिवार सुबह 8:30 बजे कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। नदी में पर्याप्त पानी होने के कारण युवक को गंभीर चोटें नहीं आईं, लेकिन तेज बहाव के कारण वह पुल के पिल्लर के पास फंस गया।

राहगीरों की सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ टीम ने नाव के सहारे युवक का सफल रेस्क्यू किया। प्लाटून कमांडर शिवराज चौधरी के नेतृत्व में अभिषेक, अभिजीत, प्रदीप, सुनील, कैलाश और पंकज ने बचाव अभियान में भाग लिया।डायल 100 की मदद से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर शुभम शर्मा के अनुसार युवक ने सीने और पीठ में दर्द की शिकायत की है। युवक ने बताया वह उड़ीसा में काम करता था और तीन महीने पहले नर्मदापुरम आया है। उसने बताया कि उसे दिन में नींद आती है और कभी-कभी नशा भी करता है। परिवार द्वारा घर से निकाल दिए जाने का भी उल्लेख किया। हालांकि, आत्महत्या के प्रयास का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आगामी दो तीन दिन में बारिश फिर हो सकती है शुरू, मौसम विभाग ने जताया अनुमान

**नर्मदापुरम।** जिले में अगले चार दिनों तक हल्की बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार जिले में अगले चार दिनों तक बादल छाए रहने के साथ ही हल्की बारिश जिले में कुछ स्थानों पर हो सकती है। नर्मदापुरम में शुक्रवार दोपहर हल्की बारिश हुई। मौसम की यह स्थितियां अगले चार दिनों तक बनी रह सकती हैं। 13 अगस्त के आसपास पश्चिमोत्तर और पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना बन रही है। वर्तमान में मानसून ट्रफ लाइन पंजाब, उत्तराखंड, बिहार से होकर बंगाल की खाड़ी की ओर बनी है। जिले में 1 जून 2025 से आज दिनांक 09 अगस्त को प्रातः 8 बजे तक जिले में 893.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 870.6 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 08 अगस्त से 09 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 4.8 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 0.0 मिलीमीटर, इटारसी में 0.0 मिलीमीटर, माखननगर में 0.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 0.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 0.0 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 0.0 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 54.0 एवं तहसील डोलरिया 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 937.30 फीट है, तवा जलाशय का 1160.20 फीट है, बरगी जलाशय का 419.20 मीटर एवं बारना जलाशय 347.20 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967.00 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166.00 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है।

## सांदीपनि स्कूल में हुई जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन पचमढ़ी में किया गया जिसमें नर्मदापुरम , बनखेड़ी, सिवनी मालवा, सोहागपुर, पिपरिया विकासखण्ड की अंडर 19 आयु वर्ग बालक ,बालिका ने सहभागिता की। बालक वर्ग में फाइनल मुकाबला पिपरिया और बनखेडी के बीच हुआ, जिसमें पिपरिया 3-0 से विजेता रहा। बालिका वर्ग में पिपरिया 2- 0 से विजयी रहा। कार्यक्रम में अतिथियों ने खिलाड़ियों को सफल भविष्य हेतु पढ़ाई और खेल में सामंजस्य और सन्तुलन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्राचार्य मनीष गुप्ता, ज्योति यादव, रूपनारायण श्रीवास, किसनलाल उइके, खेल शिक्षक सन्तोष यादव, उमेश बरैया, शाहजहां बेगम, अकीला बानो सचिन शर्मा, ब्रजेश चौधरी ,वीरेन्द्रपटेल आदि ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## केन्द्रीय जेल में हुआ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल एवं जेल मुख्यालय म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम के खण्ड 'अ' में निरुद्ध बंदियों हेतु जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम मन कक्ष द्वारा एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम मन कक्ष से डॉ. धनेश मिश्रा नाजिया सिद्धिकी, निधि पटवा नर्सिंग ऑफिसर द्वारा जेल में परिरुद्ध 40 पुरुष बंदी एवं 10 महिला बंदी कुल 50 बंदियों की स्क्रीनिंग की गई एवं परामर्श दिया गया स्क्रीनिंग किये गए बंदियो में से मनोरोग हेतु पॉजिटिव 06 बंदियों को चिकित्सक द्वारा पूर्व से उपचार दिया जा रहा है। आयोजित शिविर के दौरान जेल अधीक्षक संतोष सिंह सोलंकी, उप अधीक्षक प्रहलाद सिंह बरकडे, अष्टकोण अधिकारी हितेश बंडिया, जेल चिकित्सक डॉ. विपिन अहिरवार, मेलनर्स इंदुराज साहु एवं जेल स्टाफ उपस्थित रहे।

## जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया रक्षाबंधन का पर्व, सड़कों पर भीड़

# बहनों ने भाइयों के भाल पर किया स्नेह का तिलक, भाइयों ने बहनों की रक्षा का लिया संकल्प, रक्षाबंधन पर शहर का बाजार गुलजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रावण शुक्ल पूर्णिमा पर मनाये जाने वाले भाई बहन के स्नेह और प्रेम के प्रतीक का रक्षाबंधन का पर्व जिले भर में हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। इस दौरान बहनों ने अपने भाई के भाल पर तिलक कर कलाई पर रक्षासूत्र बांधा वहीं भाईयों ने अपनी बहन का रक्षा का संकल्प भी किया। नर्मदापुरम में सुबह से ही रक्षाबंधन पर्व की तैयारी को लेकर की गई थी जहां राखियों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ रही वहीं बहनों ने अपने भाईयों के लिए वस्त्र मिठाई एवं अन्य सामग्री खरीदी। दूसरी ओर भाई भी अपनी बहन को उपहार

### राज्यसभा सांसद ने भाइयों को बांधे रक्षासूत्र



नर्मदापुरम। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने निज निवास स्थित कार्यालय 'संवाद केंद्र' में वीर सैनिकों एवं आत्मीय भाइयों की कलाइयों पर राखी बाँधकर हर्ष उल्लास के साथ मनाया रक्षाबंधन । राज्यसभा सांसद नारोलिया कहा कि जिस प्रकार ऑपरेशन सिंदूर में हमारे जांबाज़ सैनिकों ने बहनों के सम्मान की रक्षा करते हुए वीरता दिखाई, उसी भावना के प्रतीक स्वरूप आज इन वीर भाइयों की कलाई पर रक्षा-सूत्र बाँधना मेरे लिए गौरव का क्षण है। सांसद नारोलिया ने सैनिक भाइयों को दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि जैसे आपने राष्ट्र सेवा में जीवन अर्पित किया है, वैसे ही समाज सेवा में अर्पित कर समाज को आगे बढ़ाएं। इस अवसर पर सैनिक भाई निर्मल राजपूत,दिनेश चौहान, किशोर दिनदोरे,ओपी राणा ,योगेश चौरे,धनराज सराठे,जमुना प्रसाद मलैया,श्रीकांत सराठे,एस. के. सिंह, विकास नारोलिया राजेश तिवारी लक्ष्मण सिंह बेस अन्य वरिष्ठ जन उपस्थिति रहे।

### मंदिरों और घाटों पर रही भक्तों की भीड़

श्रावण मास की पूर्णिमा पर भक्तों ने शिवालयों में अभिषेक किये वहीं नर्मदा के घाटों पर स्नान कर मां नर्मदा का आशीर्वाद ग्रहण किया। इस दौरान श्रृद्धालुओं ने दरिद्र नारायणों को यथाशक्ति दान दक्षिणा देकर धर्मलाभ अर्जित किया। वहीं सुबह से राखी बांधने का सिलसिला शुरू हो गया था जो देरशाम तक जारी रहा। शहर के बस स्टैंड, रेलवे स्टेशनों पर भी यात्रियों की भीड़ देखी गई। लोगों ने रक्षाबंधन पर्व मनाने के लिए यात्राएं की। इस दौरान शहर के जिला जेल में बंद केदियों को उनकी बहने राखी बांधने आई और उन्हें राखी बांधने के लिए घंटों इंतजार करती रही। इस दौरान पुलिस की प्रशासन मुस्तैद रहा।

## अपने भाइयों की कलाइयों पर बहनों ने बांधा प्रेम का धागा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

क्षेत्र में शनिवार को रक्षाबंधन पर्व हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष रक्षाबंधन के पर्व पर दिनभर विभिन्न मुहूर्त रहे। एवं सभी मुहुर्तों में बहनों ने भाईयों की कलाईयों पर प्रेम का धागा रक्षा सूत्र के रूप में बांधा। भाईयों ने भी बहनों के चरण स्पर्शकर शुभाशीष लिया एवं यथायोग्य उपहार प्रदान किए। साथ ही बहनों को भाईयों ने सुरक्षा का वचन दिया। देर रात तक क्षेत्र में बहनों द्वारा भाईयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधने का क्रम जारी रहा। वहीं बाजार में भी इस अवसर पर भारी भीड़ नजर आई।

बहनें जहां भाईयों के लिए राखी, रुमाल व मिष्ठान क्रय करती नजर आई, वहीं भाई भी बहनों के लिए उपहार सामग्री क्रय करते देखे गए।

## मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना से हुआ बालक का उपचार

**नर्मदापुरम।** मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना का उद्देश्य हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराना है। इसी योजना के अंतर्गत माखननगर तहसील के ग्राम आंचलखेड़ा निवासी ढाई वर्षीय नमन यादव का सफल ऑपरेशन किया गया, जिससे उसे नया जीवन मिला। नमन जन्म से ही हृदय रोग से पीड़ित था। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की माखननगर स्वास्थ्य टीम द्वारा नमन की बीमारी की पहचान की गई और उसे उपचार हेतु एल.एन. मेडिकल कॉलेज एवं जे.के. हॉस्पिटल भोपाल भेजा गया। जहां उसकी सफल सर्जरी की गई। इस दौरान उपचार का पूरा खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया गया। नमन अब पूरी तरह स्वस्थ है और अपने घर पर है। नमन के पिता रामकृष्ण यादव ने शासन से मिली मिली मदद के लिए आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी पर नहीं बिकेगा मांस, मटन, मछली

**सारनी।** स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी पर्व पर मांस, मटन, मछली का विक्रय पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने बताया कि राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार 15 अगस्त 2025 शुक्रवार स्वतंत्रता दिवस एवं 16 अगस्त 2025 जन्माष्टमी का पर्व होने से सभी प्रकार के पशुवध गृह मांस, मटन, मछली का क्रय विक्रय प्रतिबंधित रहेगा। उक्त आदेश की अवहेलना किए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। जिसकी समस्त जवाबदारी स्वयं दुकानदार की होगी।

### हाईवे पर ट्रक की टक्कर से लंगूर की मौत

**मुलताई।** शनिवार दोपहर 12 बजे नेशनल हाईवे पर मोही गांव के पास ट्रक की टक्कर से एक लंगूर की मौत हो गई। लंगूर जब सडक़ पार कर रहा था तभी तेज रफ्तार से अती ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। इस घटना में लंगूर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी आमला की ओर जा रहे नगर पालिका कर्मचारी राहुल चंड़ालिया को मिली। मौके पर पहुंचकर उन्होंने ग्रामीणों की मदद से मृत लंगूर को सुरक्षित स्थान पर ले गए। इसके बाद सभी ने मिलकर गड्ढा खोदा और लंगूर का अंतिम संस्कार किया। राहुल चंड़ालिया ने बताया कि जंगल और सडक़ के बीच आवागमन करने वाले वन्यजीव अक्सर वाहनों की चपेट में आ जाते हैं। इससे न केवल उनकी जान जाती है बल्कि पर्यावरणीय संतुलन पर भी प्रभाव पड़ता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि हाईवे पर वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। विशेकर उन क्षेत्रों में जहां से जानवर अक्सर गुजरते हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि लंगूर का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार करके एक अच्छा उदाहरण पेश किया गया है। यह मानव और वन्यजीवों के बीच सहअस्तित्व की भावना को मजबूत करता है। काले मुंह के बंदर को वन्य प्राणी की श्रेणी में रखा गया है। वाहन की टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया, लेकिन ग्रामीणों ने उसका अंतिम संस्कार किया है।

### भुजरिया पर्व पर आज सदर में होगा आम दंगल

**बैतूल।** 143 वर्षों की गौरवशाली परंपरा को निभाते हुए राष्ट्रीय बजरंग व्यायाम शाला, सदर द्वारा इस वर्ष भी भुजरिया पर्व पर आम दंगल का आयोजन भव्य स्तर पर किया जा रहा है। बैतूल के सदर बैल बाजार स्थित अखाड़े में 10 अगस्त, रविवार को दोपहर 12 बजे से शुरू होने वाले इस ऐतिहासिक दंगल को लेकर तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। यह आयोजन क्षेत्र की खेल परंपरा का प्रतीक बन चुका है, जिसमें मध्यप्रदेश सहित देश के अन्य राज्यों से भी नामचीन पहलवान भाग लेने आ रहे हैं। इस वर्ष होने वाले आम दंगल में विशिष्ट बात यह है कि आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में बैतूल विधायक एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, साथ ही केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद दुर्गादास उइके विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। दोनों ही अतिथिगण अखाड़े में अपने दमखम दिखाने वाले विजेता पहलवानों को पुरस्कार राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान करेंगे। पुरस्कार वितरण को लेकर आयोजकों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस वर्ष प्रथम पुरस्कार 8 हजार 500 और प्रशस्ति पत्र, द्वितीय पुरस्कार 6 हजार 1 और प्रशस्ति पत्र, तृतीय पुरस्कार 4 हजार 1 और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। इसके अलावा अखाड़े में जोर आजमाइश करने वाले अन्य पहलवानों को भी सांत्वना पुरस्कार स्वरूप कुल 1 लाख की राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। इस आकर्षक पुरस्कार योजना के चलते प्रदेशभर के पहलवान इस दंगल में भाग लेने की तैयारियों में जुटे हुए हैं। राष्ट्रीय बजरंग व्यायाम शाला सदर के द्वारा यह आम दंगल पिछले 142 वर्षों से लगातार आयोजित किया जाता आ रहा है। 10 अगस्त को अखाड़े में होने वाली इस भव्य कुश्ती प्रतियोगिता के लिए मैदान को सजाया जा रहा है। आयोजन समिति ने सभी खेलप्रेमियों, नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर पहलवानों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

## बहनों ने भाईयों की कलाई पर बांधा प्यार का रक्षासूत्र

# रक्षाबंधन को लेकर बच्चों में दिखा खासा उत्साह, सड़कों पर रही चहल-पहल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**भाई-बहन के अटूट और पावन प्रेम का पर्व रक्षाबंधन शनिवार को जिले भर में उत्साहपूर्वक मनाया गया। बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर रक्षासूत्र के रूप में अपना प्यार बांधा, वहीं भाईयों ने अपनी बहनों को जीवन भर रक्षा करने का वचन दिया और प्रेम स्वरूप उपहार भेंट किए।**

रक्षाबंधन पर्व को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह छोटे-छोटे बच्चों में दिखाई दिया। बच्चे सुबह से ही नये-नये कपड़े पहनकर तैयार हो गए थे। जबकि बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधकर मिठाई खिलाकर अपने भाई की लंबी उम्र की कामना की। बहनों ने सबसे पहले भाईयों को कुमकुम, रोली (चंदन) का तिलक लगाया और आरती उतारी। जिसके बाद भाईयों के हाथो में रक्षासूत्र बांधकर मिठाई खिलाई। वहीं भाईयों ने अपनी बहनों को उपहार भेंट किए। यूं तो रक्षाबंधन पर्व को लेकर बहनों ने काफी समय पहले से तैयारी शुरू कर दी थी। बहनों ने राखी, मिठाई और कपड़ों की खरीदी की। जबकि भाईयों ने अपनी बहनों के लिए अच्छे से अच्छा तोहफा खरीदा। रक्षाबंधन पर्व को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह छोटे-छोटे बच्चों में दिखाई दिया। बच्चे सुबह नये-नये कपड़े पहनकर तैयार हो गए थे। जिनकी कलाईयों पर बहनों ने राखी बांधकर लंबी उम्र की कामना की।

#### बच्चों में दिखा उत्साह

रक्षाबंधन पर्व को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह और खुशी का माहौल बच्चों में नजर आया। बच्चों ने अपने हाथों पर की राखी अपने दोस्तों को दिखाई। सबसे ज्यादा कार्टून वाली राखी बच्चों के बीच लोकप्रिय रही। बच्चे के चेहरे पर पर्व को लेकर सुबह से ही खुशी का माहौल था। बच्चे नये-नये कपड़े पहनकर राखी बांधने के लिए उत्सुक दिखाई दिए। बहनों ने अपने छोटे भाईयों की कलाई पर उनकी मनपसंद राखी बांधी तो भाईयों ने भी बहनों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया।

#### मौसम रहा बेहरबान

शनिवार को मौसम भी मेहरबान रहा। हालांकि आसमान पर बादल जरूर रहे, लेकिन बारिश नहीं हुई। जिससे सडक़ों पर चहल-पहल का नजारा छाया रहा। बाजारों में भी खरीदी के लिए ग्राहक बने रहे। लोगों ने रक्षाबंधन के दिन भी खरीदी की। खासकर साडिय़ों की दुकानों में कपड़े की खरीदी पर जोर रहा। भाईयों ने अपनी बहनों के लिए बेहतर से बेहतर तोहफे खरीदे और रक्षाबंधन पर प्यार स्वरूप भेंट किए।

#### इन पर छाई रही महंगाई

(1) रक्षाबंधन पर्व के कारण नारियल 25 से 30 रूपए तक पहुंच गए थे। जबकि सामान्य दिनों में कीमत 15 से 20 रूपए थी।

(2) कपड़े और रेडीमेड कलेक्शन की दुकानों पर भीड़ थी। कपड़ों की कीमत में 30 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी देखी गई।

(3) मिठाई की दुकानों पर भी महंगाई की छाया नजर आई। मिठाईयों की कीमत 200 रूपए से 1500 रूपए प्रतिकिलो रही।

(4) उपहारों की कीमत भी बढक़र आसमान पर पहुंच गई थी। उपहारों की कीमत में 30 प्रतिशत तक बढ़ोत्तरी देखी गई।

#### बसों में रही भीड़

त्योहार को लेकर बसों और ट्रेनों में भीड़ रही। बहने अपने भाईयों को राखी बांधने के लिए भाईयों के घर पहुंची। जिससे बसों और ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ रही। आलम यह था कि हर बस एवं ट्रेनों से सैकड़ों यात्री उतर रहे थे। बस स्टैंड पर भी भीड़ का नजारा रहा। जबकि दूर रहने वाली बहनों ने कोरियर एवं डाकसेवा से अपने भाईयों को राखी भेजी।

#### भुजलिया विसर्जन घाटों पर रहेगी सुरक्षा

*बैतूल। भुजलिया पर्व को लेकर प्रशासन ने तैयारियां कर ली है। भुजलिया विसर्जन घाटों पर साफ-सफाई के अलावा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। इसके साथ ही अप्रिय घटना को देखते हुए जगह-जगह जवान तैनात करने भी इंतजाम किए जाएंगे। गौरतलब है कि रक्षाबंधन के दूसरे दिन भुजलिया पर्व मनाया जाता है। इस दिन लोग एक-दूसरे को भुजलिया देकर भुजलिया पर्व की शुभकामनाएं देते है। भुजरिया पर्व को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे ज्यादा रौनक दिखाई पड़ती है। यहां महिलाएं गाजे-बाजे के साथ घाटों पर पहुंचकर भुजरिया निकालती है और एक-दूसरे को भुजरिया देकर शुभकामनाएं प्रेषित करती है। जिससे घाटों पर मेले जैसा माहौल बना रहता है।*

## महिलाओं ने पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर खिलाई मिठाई



**बैतूल।** सीमा पर हमारे जवान देश की सीमा को सुरक्षित रखने के लिए और पुलिस प्रशासन हमारी हिफाजत के लिए जागते हैं कि हम चैन से सो सकें। भारतीय जनता पार्टी की महिला कार्यकताएं जिला कोतवाली में पुलिसकर्मियों को रक्षा सूत्र बांध कर मिठाई खिलाई। इस मौके पर इस अवसर पर जिला सोशल मीडिया प्रभारी कृष्णा अमरूते ने कहा कि रक्षा बंधन, भाई-बहन के बीच गहरे और अटूट बंधन का उत्सव है। श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला रक्षाबंधन भाई-बहनों के बीच शाश्वत प्रेम, विश्वास और सुरक्षा का प्रतीक है और ऐसे ही हमारे पुलिस भाई हमारी सुरक्षा के लिए तैनात रहते हैं। भोपाल संभाग प्रभारी शारदा पाटिल ने कहा कि हिन्दू धर्म में माना जाता है कि रक्षाबंधन का त्योहार 5 हजार साल से भी अधिक पुराना है, जो द्वापर युग से चल रहा है। इस त्यौहार का संबंध विष्णु भगवान के आठवें अवतार श्री कृष्ण और सुभद्रा से है। सुभद्रा ने अपने भाई की रक्षा के लिए कृष्ण की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी रक्षा की थी। इस अवसर पर बिल्लो पंवार, चन्द्रकला साहू सहित महिला प्रकोष्ठ की सदस्य मौजूद थी।

## ग्रामीण बच्चों ने बनाई स्वदेशी राखियां, शिक्षकों को भेंट की



**बैतूल/आठनेर।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर संकुल केंद्र कोलगांव की प्राथमिक माध्यमिक शाला दीवान चारसी में विद्यार्थियों ने एक अनुकरणीय पहल करते हुए अपने हाथों से स्वदेशी राखियां बनाईं और उन्हें अपने शिक्षकों को भेंट की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधान पाठक ललित कुमार दीपके, शिक्षिका रुक्मणि लिल्होरे तथा सरिता पंडोले विशेष रूप से उपस्थित रहीं। सभी शिक्षकों ने बच्चों द्वारा बनाई गई राखियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है तो केवल सही मार्गदर्शन और अवसर की।

## पुलिस ने गौकशी के फरार आरोपियों को किया गिरफ्तार



**बैतूल।** कोतवाली पुलिस ने गौकशी के दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 7 अगस्त की रात्रि को प्राप्त गुप्त सूचना पर कोतवाली पुलिस ने झगडिय़ा रोड, झाड़ेगांव के जंगल में दबिश दी। यहां राजा कुरैशी निवासी आजाद वार्ड बैतूल व उसका साथी गौकशी करने के बाद अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गए। मौके से खून, खाल, थैली में रखा मांस, तथा कपड़े के बंडल में लिपटे हथियार (छूरे एवं कुल्हाड़ी) बरामद किए गए। बरामद सामग्री को विधिवत ज़ब्त कर थाना कोतवाली में अपराध धारा 4, 5, 9 गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम एवं धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मामला धार्मिक आस्थाओं से जुड़ा होने के साथ-साथ कानून-व्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए साक्ष्य संकलित किए और आरोपियों की तलाश में विशेष टीम गठित कर लगातार दबिश दी। लगातार खोजबीन के बाद पुलिस ने राजा कुरैशी एवं शेख इसरार को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की, जिसमें दोनों ने अपराध स्वीकार किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाही में थाना प्रभारी रविकांत डेहरिया, उनि उत्तम मस्तकार, उनि राकेश सरयाम, उनि नरेन्द्र उईके, प्र.आर. तरुण पटेल, प्र.आर. शिवकुमार, प्र.आर. दिनेश निमोदा, प्र.आर. दीपक कटियार, आर. अनिल बैलवंशी, आर. नितिन चौहान, आर. पवन, आर. हर्षित डांगे का सराहनीय योगदान रहा।



## घर में मिली सागौन की लकड़ी तीन आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** बैतूल के कुंड गांव में वन विभाग ने सघन गस्ती अभियान के दौरान अवैध फर्नीचर निर्माण पर बड़ी कार्रवाई की। शनिवार को कुंड गांव के मनीराम कवडे के घर से तीन आरोपियों को अवैध फर्नीचर बनाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों में मनीराम कवडे (कुंड निवासी), दीपक मालवीय और योगीराज ढोटे (दोनों बोरगांव निवासी) शामिल हैं। वन विभाग ने मौके से सागौन के 75 नग चिरान जब्त किए। जब्त की गई वनोपज की मात्रा 1.120 घन मीटर है, जिसका बाजार मूल्य लगभग 80,000 रुपए आंका गया है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। कार्रवाई में परिक्षेत्र अधिकारी दयानंद डेहरिया, परिक्षेत्र सहायक मोहम्मद इफ्तेखार खान, ओंकारनाथ मालवीय, जितेंद्र चौकीकर, शुभम राठौर, सोनू पुंडे, कन्हैया, भैयालाल कुमरे और सुनील विश्वकर्मा की विशेष भूमिका रही।

## सदियों तक बना रहे भाई-बहन का अटूट रिश्ता: हेमंत खंडेलवाल

### भाजपा महिला मोर्चा ने पूर्व सैनिकों के हाथों पर बांधा रक्षासूत्र



**बैतुल।** भाजपा महिला मोर्चा द्वारा जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में रक्षाबंधन का पर्व मध्यप्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष सुधाकर पवार एवं पूर्व सैनिको को राखी बांधकर मनाया।

इस अवसर पर बहनो को संबोधित करते हुए श्री खंडेलवाल ने कहा कि रक्षा बंधन का पर्व बहनो और भाईयों के अटूट प्रेम और विश्वास के साथ सामाजिक सुरक्षा को बढाने वाला है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रहे है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव ने बहनों की समृद्वि और सशक्तिकरण के लिए अपने संकल्पो को साकार किया है। बहनों और भाईयों का यह पर्व प्रेम और विश्वास का पर्व है। यह प्रेम सदियों तक बना रहे यहीं कामना है। रक्षा बंधन उत्सव की इस कडी में महिला मोर्चा की बहनों ने पूर्व सैनिकों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर श्रीफल, अंगवस्त्र भेंट किए। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ममता मालवी ने बताया कि हर वर्ष रक्षाबंधन का पर्व आमला एयरफोर्स में मनाया जाता रहा है इस वर्ष यह कार्यक्रम भाजपा कार्यालय विजय भवन में मनाया गया। पूर्व सैनिको के प्रेम और विश्वास की परिणिति है कि यहा भी सभी भाई पहुंचे और अपनी बहनों से रक्षासूत्र बंधवाकर रक्षा का वचन दिया। कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा गंज मंडल अध्यक्ष नीलम वागद्रे ने किया एवं अंत में आभार जिला कार्यालय मंत्री वर्षा खाडे ने व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद ज्योति धुर्वे, जिलाउपाध्यक्ष रश्मि साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हेमलता कुंभारे, माधुरी साबले, आरती पाटिल, नपाध्यक्ष पार्वती बारस्कर आदि रहे मौजूद।

## ईकोटूरिज्म स्थल कुकरू ने पर्यटक आवास आरक्षण में प्राप्त किया पूरे प्रदेश में पहला स्थान

# बैतूल को मिला प्रदेश का पहला ताप्ती कंजर्वेशन रिजर्व

### *मिशन वनवीर से बदली सैकड़ों युवाओं की जिंदगी, तीन साल में बदली दक्षिण बैतूल की तस्वीर*

### *डीएफओ विजयानन्तम टीआर . के नेतृत्व में दक्षिण बैतूल वनमंडल के नवाचारों ने रचा सफलता का इतिहास*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल ने विगत तीन वर्षों में वन संरक्षण, ईकोटूरिज्म, कौशल विकास और अवैध गतिविधियों पर अंकुश के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। वनमंडलाधिकारी विजयानन्तम टी.आर. के मार्गदर्शन में ताप्ती कंजर्वेशन रिजर्व को प्रदेश का पहला कंजर्वेशन रिजर्व घोषित कराया गया। वहीं, ईकोटूरिज्म स्थल कुकरू ने पर्यटक आवास आरक्षण में पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। अवैध कटाई के अंतर्राज्यीय गिरोहों पर कार्रवाई से लेकर जैवविविधता सर्वेक्षण तक, वनमंडल ने विकास और संरक्षण का अनूठा मॉडल प्रस्तुत किया।

दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल ने पिछले तीन वर्षों में वह कर दिखाया, जिसकी मिसाल प्रदेश में कम ही मिलती है। वनमंडलाधिकारी विजयानन्तम टी.आर. (भा.व.से.) के नेतृत्व में जहां जंगलों को अवैध कटाई और तस्करी से बचाने में बड़ी सफलता मिली, वहीं वन्यजीव संरक्षण, ईकोटूरिज्म, ग्रामीण विकास और युवाओं के कौशल उन्नयन के क्षेत्र में भी ऐतिहासिक काम हुए। वन अपराधों पर रोक लगाने के लिए कर्मचारियों और अधिकारियों की विशेष टीमें गठित कर लगातार गश्त कराई गई। वर्ष 2022 से अप्रैल 2025 तक कार्रवाई में 43 चार पहिया वाहन, 1 तीन पहिया, 37 दो पहिया, 5 साइकिल और 1 नाव समेत अवैध सागौन लट्ठा/बल्ली 5757 नग (136.897 घन मीटर) मूल्य 67.70 लाख रुपये और



91.923 घन मीटर रेत मूल्य 2.60 लाख रुपये जब्त की गई।

#### अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्करी गिरोह पर बड़ी कार्रवाई

वनमंडल में नवाचार के तहत कंट्रोल रूम की स्थापना, वन समिति के युवाओं का कौशल विकास, ईकोटूरिज्म स्थल सापना और कुकरू का जीर्णोद्धार, और स्कूलों में स्मार्ट क्लासेस शुरू की गईं। आज कुकरू ईकोटूरिज्म में प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। बैतूल को मिला प्रदेश का पहला ताप्ती कंजर्वेशन रिजर्व भी इस वनमंडल की बड़ी उपलब्धि है, जिसमें विजयानन्तम टी.आर. की अहम भूमिका रही। वन कर्मचारियों को आवास, बिजली-पानी जैसी सुविधाएं देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया और वन चौकियों को सुदृढ़ किया गया। अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्करी गिरोह पर बड़ी कार्रवाई में महुपानी जंगल से काटकर राजस्थान ले जाई जा रही सागौन लकड़ी बरामद हुई। मुख्य आरोपी विष्णु वल्द भूरा पिपरदे (खंडवा) और रामेश्वर लाल वल्द मोहन सुधार (भीलवाड़ा, राजस्थान) गिरफ्तार हुए। राष्ट्रीय राजमार्ग 47 पर महिन्द्रा ट्रक (एमएच-40-सीएम-3604) से 5.101 घन मीटर अवैध सागौन जब्त हुई। जांच में राजा भाई केवट और वसीम अहमद सहित कई आरोपियों पर कार्रवाई हुई। नेटवर्क का खुलासा उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और तेलंगाना तक फैला मिला।

#### 2024 तक पक्षी सर्वेक्षण में 144 प्रजातियां रिकॉर्ड

वन विकास से ग्राम विकास की थीम पर 105 हेक्टेयर अतिक्रमित भूमि खाली कर पौधा रोपण किया गया। शहीद वनकर्मियों की स्मृति में वनशहीद स्मारक का निर्माण वन विद्यालय बैतूल में किया गया। 19 से 24 जून 2024 तक पक्षी सर्वेक्षण में 144 प्रजातियां रिकॉर्ड हुईं, जिनमें कई प्रवासी और पहली बार बैतूल में देखी गई प्रजातियां शामिल हैं—बैंडेड वे कुक्कू, फोर्क टेल्ड ड्रोंगो कुक्कू, वाटरकाक, हेयर क्रेस्टेड ड्रांगो, रडी-ब्रेस्टेड क्रेक और ओरिएण्टल प्रेटिनकोल प्रमुख हैं। तितली सर्वेक्षण में हेस्पेरिडे परिवार की स्पॉटेड स्मॉल फ्लैट तितली पाई गई, जो पहले सिर्फ पचमढ़ी में दर्ज थी। साथ ही स्लेट फ्लैश, कॉमन ट्रीब्राउन, डबल बैंडेड जुडी, कॉमन माइम स्वैलोटेल जैसी कई प्रजातियां दर्ज की गईं। मिशन वनवीर के तहत 470 वन समिति सदस्यों को ड्राइविंग, सिलाई, इलेक्ट्रिशियन, इंग्लिश स्पोकन और कंप्यूटर जैसे प्रशिक्षण दिए गए। इनमें से 257 युवाओं को 15 हजार -20 हजार रुपये मासिक वेतन पर रोजगार मिला और 130 युवाओं ने स्वरोजगार शुरू किया।

#### आईएसओ 14001-2015 प्रमाणपत्र से सम्मानित

वन अग्नि नियंत्रण के लिए फायर सीजन से पहले फायर लाइन साफ-सफाई, विशेष बैठकें, 24 घंटे संचालित फायर कंट्रोल सेंटर, ब्लोअर उपलब्ध कराना और प्रशिक्षण देने जैसे उपाय किए गए, जिससे आग की घटनाएं कम हुईं। वन सुरक्षा, अधोसंरचना और विकास के उत्कृष्ट कार्यों के लिए दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल को आईएसओ 9001-2015 और आईएसओ 14001-2015 प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया।

**संक्षेप खबर**

## मोहनी का राष्ट्रीय सब जूनियर फुटबॉल में चयन



**पिपरिया।** फुटबॉल की खिलाड़ी मोहनी ठाकुर का चयन राष्ट्रीय सब जूनियर बालिका फुटबॉल चयन कैंप में शामिल होगी। पीहु का चयन हुआ है। मध्य प्रदेश में फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित अंतश्र जिला प्रतियोगिता में उत्क्रष्ट प्रदर्शनमे में खेल देखने को लेकर नेशनल में चयनित किया गया है।४अगसत से महु में आयोजित किया जा रहा है।खेल समन्वयक के मार्गदर्शन में लगभग खिलाडी बालिकाए नियमित अभ्यास कर रही है।असम राज्य में भी आयोजित खेल में शामिल होगी। सभी के द्वारा बधाई दी।

## जिले में तहसीलवार प्रभारी अधिकारी नियुक्त

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा जिले में दो पहिया वाहन चालकों की सड़क सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा-129 के तहत प्रावधानों के क्रियान्वयन के लिए प्रभारी अधिकारियों की ड्यूटी संबंधित निर्देश जारी किए गए हैं। उक्त निर्देशानुसार प्रत्येक दो पहिया वाहन चालक एवं वाहन सवारी को आई.एस.आई. मार्क हेलमेट पहनना अनिवार्य है।

### विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी समाज ने किया आयोजन, निकाली रैली

# उपमंडी परिसर में किया सामाजिक प्रतिभाओं का सम्मान आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

विश्व आदिवासी दिवस पर शनिवार को शहर में आदिवासी समाज सोहागपुर की ओर से सामूहिक आयोजन किए गए। सामूहिक आयोजन उपरांत वृहद स्तर पर शहर के मुख्य मार्गो से रैली भी निकाली गई।

इस दौरान ग्रामीण अंचल से आए आदिवासी नागरिक पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। रैली उपमंडी परिसर से बाजे गाजे के साथ शुरू हुई। रैली में हजारों आदिवासी नागरिक पारंपरिक गीतों पर झूमते, नाचते व गाते चल रहे थे। समाज के युवकों तथा युवतियों ने आदिवासी शैली के सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। रैली का विभिन्न संगठनों ने विविध स्थानों पर अभिनंदन किया। रैली से पहले नए उपमंडी परिसर में आदिवासी समाज ने सामूहिक आयोजन किया। जिसमें मंचीय आयोजन भी हुआ एवं समाज के वक्ताओं ने सामाजिक एकजुटता के उद्बोधन दिए। सामाजिक प्रतिभाओं का सम्मान भी मंच से किया गया। युवाओं एवं युवतियों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए। रैली के मंगल भवन में समापन पर सहभोज आयोजन के साथ इस वर्ष की कड़ी संपन्न हुई।






### ये रहे उपस्थित

एक दिवसीय कार्यक्रम में समाज की ओर से फारेस्ट रेंजर कैलाशचंद्र उईके, ग्रापं सचिव मंगल सिंह ठाकुर, पटवारी विक्रम परते, बारेलाल दर्शिमा, खेतसिंह सराठिया, सुरेखा शाह, बलराम उईके, अशोक गज्जाम, राजेन्द्र उईके, मुकेश सिंह तेकाम, कन्छेदीलाल उईके, भगवान दास इरपाचे, रविशंकर उईके पार्षद, तुलसीराम भल्लावी, एचएल परते, नरेंद्र धुर्वे, युवा कार्यकर्तागण आदित्य उईके, अंकित कुबरे व अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित थे। इस दौरान सोहागपुर जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, कांग्रेस नेता पुष्पराज पटेल, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, भाजपा युमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल, सौरव अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### भगवान बिरसा मुंडा का जन्म उत्सव आदिवासी समुदाय के द्वारा धूमधाम से मनाया



**पिपरिया।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आदिवासी समुदायके द्वारा उनके आराध्य भगवान बिरसामुडा का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम कृषि उपज मंडी परिसर मे बड़ा देब का पूजन किया गया। उसके बाद मंच पर अतिथियों की उपस्थिति हुई इस दौरान नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष संतोष कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआरतें, मटकुली ग्राम पंचायत सरपंच नेहा धुर्वे, जनपद सदस्य गीता धुर्वे कृषि उपज मंडी सहायक सचालक चंद्र शिवराम उइके नीतीराज सिंह ठाकुर,पंचम सिंह ठाकुर मनोज कुमरे सहित हजारों आदिवासी परिवार सहित शामिल हुए। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रतिभाओंको सम्मान दिया गया। मंडी परिसर से पचमढ़ी रोड तक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जगह-जगह समाजसेवी संगठनों ने स्वागतसममान किया नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी अरविंद राय नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर प्रशांत रघुवंशी सहित पार्षद शामिल हुए।इस बार महिलाओं युवाओं युवतियों की संख्या अधिक रही। समाजिक परंपरा अनुसार नृत्यभी किया गया। नगर को सजाया गया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्नहुआ।

## पंचायत में डला रहता है हमेशा ताला, ग्रामीण होते हैं परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत तरौनकला में रोजगार सहायक नहीं है। अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। रोजगार सहायक सुनील रघुवंशी को पर तत्कालीन सीईओ शिवानी मिश्रा ने आदेश निरस्त कर दिया था। तभी कुछ दिन बाद आदेश दिया कि सचिव कंम्पयूटर में दक्ष नहीं है। इसलिए काम में सहयोग करें। तभी से वगैर रोजगार सहायक के काम चल रहा है। कुछ दिन पूर्व पारखी पंचायत से सचिव किरण कहार का तबादला किया गया है। लेकिन १माह बीतने पर भी सचिव १७जुलाई २०२५से पंचायत नहीं जा रही है। आसपास के निवासी सचिव को पहचानते ही नहीं है। हितग्राही मूलक योजनाओं से लोग वंचित रह गए हैं। पंचायत में हमेशा ताला लगा रहता है। जबकि सरकारके तथा शासन के आदेश अनुसार प्रत्येक सोमवार गुरुवार को सचिव पटवारी वरिष्ठ कृषिविकास अधिकारी सहित सभी उपस्थित रहे।पर यहां पर ताला लगा रहता है। सिर्फ ईपीओकिए जा रहे हैं। सरकार की राशि में बंदरबांट की जा रही है। कागज़ पर काम दर्शाकर राशि आहरण की जा रही है।आईपीओ के बाद राशि आपस में बांटकर गरीबों का शोषण किया जा रहा है। सफाई के नाम पर लाखों रुपए खर्च करने के विल लगे हे।पर मुख्य मार्ग से होकर पुरी पंचायत में कचरे के ढेर लगे हैं। नाडेप कुटे पड़े हैं। पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी से लेकर सभीलोग लाभान्वित हो रहे हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है।

### जिला रेडक्रास साधारण सभा की बैठक 25 को

**नर्मदापुरम।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी, मध्य प्रदेश राज्य शाखा भोपाल के निर्देशानुसार, जिला रेडक्रास शाखा नर्मदापुरम की वार्षिक साधारण सभा की बैठक कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में 25 अगस्त 2025 को दोपहर 3:00 बजे से रेवा सभा कक्ष कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम में आयोजित की गई है।

## विप्र समाज के द्वारा मां नर्मदा नदी के तट पर किया गया श्रावणी उपाकर्म का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

ब्राह्मण समाज केदारा मां नर्मदा के किनारे ग्राम पंचायत सांडिया में श्रावणी उपाकर्म के कार्यक्रम का आयोजन कियागया। सैकड़ो की संख्या में सामाजिक कर्मकांड में सलंग्न ब्राह्मणों ने लिया कार्यक्रम आचार्यवीरेंद्र पुरोहित ने संपन्नकराया। शास्त्रों के अनुसार सामूहिक श्रावणी उपाकर्म वैदिक विधिविधान के अनुसार संपन्न कराया गया। मां नर्मदा के बीच बैठकर सर्वप्रथम प्रायश्चित संकल्प कराया गया ब्राह्मणके द्वारा अनुष्ठान निवारण एवं शुद्धिकरण के लिए मां नर्मदा में 16 प्रकार से वेदमंत्रों के साथ स्नान किए जाहैं। उसके बाद ऋषि तर्पण देवताओं और ऋषियों को तर्पण किया जाताहै। वैदिक परंपराका यह एक हिस्सा है ब्राह्मणके द्वारा पंचगव्य पंचामृत सहित 16 प्रकार से वेद मित्रों के साथ स्नान किए जाते हैं। सैकड़ो मेंतादात में कर्मकांड अनुष्ठान करता यज्ञहवनपूजन हवन करने वाले ब्राह्मण शामिलह। उसके बाद वैदिकमत्रों के साथ हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। हवन पूजन किया गया भगवान शिव एवं अन्य देवताओं केसाथ सप्त ऋषीकापूजन किया उसके बाद ने यज्ञोपवीत संस्कार किया गया अग्नि में आहुतिया गई यज्ञोपवीत धारण करते हुए वैदिक विधि विधानसे आचार्य केदारा श्रावणी उपाकर्म का कार्य संपन्न कराया गया।



## सड़कों को खोखला कर रही है पेयजल योजना की पाइपलाइन



**सोहागपुर।** नगर में आधे दशक पहरे शुरू हुआ नर्मदा पेयजल वितरण योजना पर काम अब तक अधूरा ही लगता है। शहर में कई स्थानों पर नर्मदा जल योजना की भूमिगत पाइपलाइन के उपर पक्की सड़कें बनी हैं। लेकिन भूमिगत लाइन के लीकेज अब सीमेंटीकृत सड़कों के नीचे की मिट्टी गीली व ढीली होकर बैठने लगी है। तथा सड़कें अंदरूनी रूप से खोखली होने लगी हैं। नागरिकों ने व्यवस्था सुधार की मांग की है।

## कबाड़ा फैक्ट्री में लगी आग प्लास्टिक, कागज व अन्य मशीन जलकर हुई खाक, जांच जारी

### 8 दमकल के प्रयासों से 2 घंटों में आग पर पाया जहा सका काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायतकी ग्रामपंचायत पनारीमे स्थित नजरू कबाडी के नाम से विख्यात कबड्डी की दुकान जहां पर की प्लास्टिक कागज के गये प्रेसकरने वाली मशीन साहित्य अन्य सामग्रीमें सुबह आग लगी। स्टेशन रोड थाना प्रभारी एवं ग्राम वासियोंके अनुसार सुबह 2 घंटे में 8 दमकल से काबू पाया गया। याद रहे यहां पर हमेशा कबाड़ इकट्ठा किया जाता है मुख्य मार्ग पर बड़े वाहन मशीन आदि कबाड़ में तब्दील रहती है। हमेशा गेट बंद कर अंदर लोहेका गलाव किया जाता है या टीन का लगाव किया जाता है। मीडिया को भी प्रवेश नहीं करने दिया जाता है। लोगों को यहां पर क्या होता है जानकारी नहीं है। किसानों ने सुबह 7:00 बजे जबदूंगा उठता देखा तो पुलिस को सूचना दी नगर पालिका को सूचना दी तब जाकर गांव सुरक्षित बचे हैं। पुलिस ने बताया कि प्लास्टिक काटवाली प्लास्टिक गलाने वाली लोहा गलाने प्रेस करने वाली मशीन के साथ अन्य सामग्री जलने की जानकारी दी जा रही है। कबाड़ा दुकान फैक्ट्री संचालक नजरुल खाने के पुत्र के द्वारा उद्योग की हकीकत नामक अखबार भी चलाया जा रहा है। पुलिस मामले कीजांच कर रही है।

## बुजुर्ग किसान को लकड़ी का हल भेंट कर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

90 वर्ष के बुजुर्ग किसान को बेल की जगह स्वयं हल जोतने पर चंदेरी गांव के किसानों ने बढ़ाया मदद का हाथ नया ट्रैक्टर से 90 वर्ष के बुजुर्ग हलदर किसान की जमीन की करेंगे हकाई बुवाई। विगत दिनों सीहोर जिले के ग्राम तज के किसान 90 वर्षीय बुजुर्ग किसान अमरसिंह द्वारा अपने खेतों में बेल की जगह खुद हल चलाते हुए विडियो वायरल हुआ था, जो कि पुरे देशवासियों द्वारा देखा गया।

जिसको लेकर कई जनप्रतिनिधि व किसान संघ के नेता गाँव में उनसे मिलने गये और उनकी मदद करने का आश्वासन दिया। आज ग्राम चन्देरी के किसान एम.एस.मेवाड़ा, गोपाल सिंह मेवाड़ा, शेरसिंह, करण सिंह, प्रभुलाल, अर्जुन सिंह ग्राम आलमपुरा सहित अनेकों किसानों ने मिलकर सीहोर कृष्णा ट्रेडर्स पर जाकर नया महिन्द्रा 275 ट्रेक्टर नया खरीदा गया।



महिन्द्रा शोरूम के संचालक जितेन्द्र कुमार अग्रवाल, पंकज अग्रवाल द्वारा पाँच गाँव के किसान ग्राम नई चन्देरी, पुरानी चन्देरी, पिपलिया मीरा, आलमपुरा, भगवानपुरा व तज के किसान 90 वर्षीय बुजुर्ग किसान अमरसिंह को गाँव से बुलाया गया और साफा बांधकर फूलमालाओं से उनका सम्मान किया और उनको लकड़ी का हल भेट किया।

सम्मान कर सभी किसानों ने निर्णय लिया कि बुजुर्ग किसान अमरसिंह जिनके पास बेल, ट्रेक्टर ना होने की बजह से वह स्वयं बेल की जगह पर हल व डोरा स्वयं चलाते हैं, इसलिये निर्णय लिया गया अमरसिंह के हिस्से की कृषि भूमि की इस ट्रेक्टर द्वारा मुफ्त में हकाई-बुआई की जावेगी और इनसे कोई पैसा नही लिया जावेगा। क्योंकि इतनी उम्र हो जाने के बाद भी इनके द्वारा इतनी मेहनत की जा रही है, जो कि हम सबके लिये प्रेरणा स्त्रोत है। साथ ही सभी किसान साथियों से यह भी अपील करते हैं कि ऐसे बुजुर्ग किसानों की सभी को मदद करना चाहिये। राजकुमार, देवेन्द्र गोस्वामी, प्रीतम मेवाड़ा, राहुल, अमित कुमार यादव सहित उपस्थित किसान गोपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

### सीहोर में रोजगार मेला 12 अगस्त को

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12 अगस्त 2025 को प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक सीहोर स्थित डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा। इसी प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र विभाग के द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नये प्रकरण तैयार किये जायेंगे। आईटीआई विभाग द्वारा युवाओं का अप्रेंटिसशिप के लिये चयन भी किया जाएगा।

## भाजपा मंडल भैरूंदा की बैठक संपन्न आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

शुक्रवार को भाजपा मंडल भैरुंदा की कार्यकारिणी बैठक नगर के रेस्ट हाउस में आयोजित हुई। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। आगामी राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर इस बैठक में गहन विचार-विमर्श किया गया।



बैठक में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि और कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती जैसे महत्वपूर्ण आयोजनों की रूपरेखा तय की गई। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यक्रमों को मंडल के प्रत्येक बूथ स्तर तक पहुँचाया जाए तथा अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों और मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। बैठक में भाजपा जिला सीहोर आयोजनों के सह-प्रभारी जितेंद्र गोड़ ने आगामी आयोजनों की विस्तृत जानकारी दी और उनकी रूपरेखा स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से देशभक्ति की भावना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इस वर्ष अभियान के तहत नगर के हर घर पर तिरंगा फहराया जाएगा। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि तथा कुशाभाऊ ठाकरे की जन्मजयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी भी साझा की।भैरूंदा भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए उक्त सभी आयोजनों को पूरी गरिमा, अनुशासन और संगठनात्मक एकता के साथ सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि सभी आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से बूथ स्तर पर आयोजित किए जाएंगे, जिससे संगठन की जड़ें और भी मजबूत होंगी। बैठक में मोहनलाल पंवार चेयरमैन,तुलसी राम पंवार चंद्रकांत खण्डेलवाल, विनोद कंगाली, महेंद्र परिहार, राजेश पंवार, महामंत्री कपिल खंडेलवाल, दीनबंधु कुशवाह,तरुण मालवीय अमित मीणा, नीतू पटेल, भवानी राजपूत,गोलू विश्वकर्मा, रामकृष्ण पंवार, ओम राठौड़, गोपाल मीणा, अरविंद पंवार गौरीशंकर कुशवाह पार्षद गण रितेश मकवाना,गोलू जाट,ओम पंवार सहित विभिन्न बूथों के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे और सभी ने एकजुट होकर कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### नपा की स्वच्छता प्रणाली के अमल में आने से गंदगी से मिली राहत:प्रिंस

# 85 लाख की सौगात: गार्डन और शौचालय सहित अनेक निर्माण कार्य का भूमि-पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में तेजी से विकास कार्य किए जा रहे है। शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 22 में करीब 85 लाख के विकास कार्यों की सौगात नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने की। इस मौके पर क्षेत्रवासियों ने विकास कार्य का भूमि पूजन किया किया। इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि विशाल राठौर ने बताया कि हमारे क्षेत्र में नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर के द्वारा करीब 85 लाख की सौगात दी गई है। इसमें करीब 25 लाख की लागत से गणेश गार्डन का निर्माण किया जाएगा। फ्री गंज में होने वाले इस गार्डन में लाइटिंग, पौधा रोपण सहित अन्य सुविधा रहेगी। इसके अलावा पांच लाख की राशि से शौचालय और 55 लाख की लागत से नालियों का निर्माण किया जाएगा। जिससे बारिश और गंदे पानी से मुक्ति मिलेगी। यहां पर मौजूद क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहाकि विकास और स्वच्छता के नाम पर हम देश में पहले नंबर पहुंचे इसके लिए आप सभी का सहयोग चाहिए। गत दिनों हमें स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर पालिका के अमले और आपके प्रयास से प्रदेश में नंबर वन का अवार्ड मिला है।



कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों के अलावा दिलीप राठौर आदि शामिल थे। जिन्होंने विकास कार्य और शहर को सुंदर रखने का संकल्प लिया।

उन्होंने कहाकि शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए नगर पालिका द्वारा शुरू की गई स्वच्छता प्रणाली के अमल में आने के बाद जहां लोगों को गंदगी से राहत मिली है। नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर और सीएमओ सुधीर सिंह सहित अन्य नियमित रूप से सुबह से ही शहर के निरीक्षण करते है। मोहल्ले में इस स्वच्छता वाहन के साथ भ्रमण कर सभी रहवासियों से आग्रह किया कि वे अपने घरों से निकलने वाले कचरे को डस्टबीन में एकत्रित कर कचरा वाहन में ही डाले। ताकि नालियां एवं सड़कों पर कचरा न फैले। वहीं उनके सुझाव पर मौके पर ही छोटी-मोटी समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है।

### भाऊंखेड़ी मिडिल स्कूल में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया

**इछावर।** जनपद शिक्षा केन्द्र के मिडिल स्कूल भाऊंखेड़ी में शुक्रवार को निशुल्क साइकिल वितरित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 के 24 छात्र छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। साइकिल मिलने पर विद्यार्थियों में भारी उत्साह दिखाई दिया। अतिथियों ने बच्चों से साइकिल द्वारा नियमित रूप से स्कूल आने की बात कही। आयोजित कार्यक्रम में युवा भाजपा नेता एवं राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा के पुत्र विष्णु वर्मा मुख्य अतिथि एवं बीआरसीसी सुभाष चन्द्र दुबे विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस दौरान अतिथियों द्वारा कक्षा छठी में पढ़ने वाले 24 छात्र छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने लाभान्वित बच्चों को यातायात के नियमों का पालन करते हुए नियमित रूप से स्कूल आने और मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही।

180 वर्षों का विश्वास, लगातार आपके साथ
सफदर अली मेडिकल स्टोर
सोहागपुर क्षेत्र में 180 वर्षों से आपके स्वास्थ्य की चिंता में संलग्न हमारा संस्थान सफदर अली मेडिकल स्टोर लेकर आया है स्व निर्मित दवा- डॉ. जोएब अली कफ सीरप
डॉक्टर जोएब अली
(मुल्ला जी/बोहरा जी का मेडिकल स्टोर)
राजेंद्र वार्ड, कमानिया गेट के आगे, सोहागपुर 8517978252


- यह दवा सभी प्रकार की पुरानी से पुरानी खांसी के रोग को दूर करती है।
- यह दवा सूखे तथा गीले कफ को दूर करती है।
- सभी प्रकार के सामान्य व बैक्टीरियल संक्रमण से संबंधित खांसी के रोग को यह दवा दूर करती है।
- इस दवा का कोई साइड इफेक्ट नहीं है।
- किसी भी आयु वर्ग के रोगी इस दवा को ले सकते हैं।
- गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के लिए भी यह दवा पूर्ण रूप से सुरक्षित है।

## खबर संक्षेप



### कुएं में डूबने से युवक की मौत

**हरदा।** सिराली थाना क्षेत्र के ग्राम बंदी मुहाडिया में शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे एक 18 वर्षीय युवक की कुएं में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सुमित पिता मांगीलाल पालवे के रूप में हुई है। सुमित सुबह सिराली में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने गया था। वापस लौटने पर वह शराब के नशे में था। इस बात पर उसके परिजनों ने उसे डांट लगाई थी। इसके बाद वह मोबाइल पर बात करते हुए खेत के पास स्थित कुएं में गिर गया। कुएं में पानी अधिक होने के कारण डूबने से उसकी मौत हो गई। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि वह गुस्से में आकर खुद कुएं में कूद गया था। घटना के बाद एसडीईआरएफ के जवानों ने मौके पर पहुंचकर शव को पानी से बाहर निकाला। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए खिरकिया अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### केंद्रीय मंत्री आज टिमरनी आएंगे

**हरदा।** भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के राज्य मंत्री दुर्गादास उईके आज 10 अगस्त को टिमरनी का दौरा करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय राज्य मंत्री रविवार को सुबह 11 बजे बैतूल से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे टिमरनी आएंगे तथा स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्री श्री उइके दोपहर 2 बजे कार द्वारा बैतूल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### रोजगार मेला युवा संगम 14 को

**हरदा।** निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये शासकीय आईटीआई हरदा में एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि यह मेला 14 अगस्त को प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में बेरोजगार युवक युवतियों की भर्ती की जायेगी।

### 31 अगस्त तक ई केवायसी कराएं

**सीहोर।** जिले के समस्त पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का ई-केवायसी सत्यापन पूर्ण किया जाना अनिवार्य किया गया है। वर्तमान में जिले में 4974 हितग्राहियों का ई-केवायसी लंबित है। इस संबंध में कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि 31 अगस्त तक पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का ई-केवायसी सत्यापन पूर्ण किया जाये। इस संबंध में इस संबंध में शासन के सामाजिक न्याय एव दिव्यागजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा भी पूर्व में अभियान चलाकर ई-केवायसी कराये जाने के निर्देश प्रसारित किये जा चुके है। शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने तथा अपात्र हितग्राहियों को हटाने के लिए समस्त हितग्राहियों का ई-केवायसी होना अनिवार्य हैं। ऐसी स्थिति में शासन द्वारा यह निर्णय लिया है कि अभियान चलाकर शेष हितग्राहियों को ई-केवायसी दिनाक 31 अगस्त तक कराये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करे। साथ ही समस्त हितग्राहियों को अवगत कराया जाये कि 31 अगस्त तक ई-केवायसी नहीं कराया जाता है तो पेशन होल्ड कर दी जायेगी। जिले में पेंशन योजना में शेष 4974 पेंशन योजनाओं में हितग्राहियों की ई-केवायसी किया जाना शेष है।

### 14 तक होगा अतिरिक्त सीएलसी चरण

**सीहोर।** उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय और निजी अशासकीय महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिये अतिरिक्त सी.एल.सी चरण की तिथि में वृद्धि की है। अब 14 अगस्त तक अतिरिक्त सीएलसी चरण जारी रहेगा, पूर्व में यह तिथि 31 जुलाई निर्धारित थी।

## जिले में रक्षाबंधन का पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया

# बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांधकर लंबी उम्र की कामना की





हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में रक्षा बंधन का पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें बहनों ने अपने भाई की कलाई पर राखी बांधकर भाई की लंबी उम्र की कामना की। कई नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपने भाइयों को राखी बांधी। साथ ही इस अवसर पर कई भाइयों ने अपनी बहनों को पौधे गिफ्ट किया और उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। वहीं बहनों ने दूसरे की बहनों की सुरक्षा को लेकर अपने भाइयों से संकल्प लिया। आज जिले में भुजरियों का विसर्जन किया जाएगा। जिले में शनिवार को तापमान में कमी रही लेकिन गर्मी और उमस के कारण के लोग परेशान रहे। कहीं कहीं हल्की बूँदा बाँदी भी हुई। त्योहार के कारण बसों, ट्रेन में भारी भीड़ रही। जिसके कारण लोग बड़ी संख्या में निजी वाहनों से भी आवागमन करते रहे। बालागांव में भी रक्षाबंधन का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया। जिसमें बहनों ने अपने भाई की कलाई पर राखी बांधकर भाई की लंबी उम्र की कामना की। बालागांव में कल भुजरियों का विसर्जन किया जाएगा। जिसमें नागरिक शामिल रहेंगे। ग्राम के मुख्य गलियों से गुजर कर मटकुल नदी पर गुजरिया विसर्जन किया जाएगा।

### रहटगांव में भी मनाया रक्षाबंधन का पर्व



*रहटगांव। तहसील क्षेत्र में शनिवार को रक्षाबंधन का त्योहार पूरे धूमधाम से मनाया गया। सुबह से लेकर शाम तक चहल पहल रही। इस पवित्र भाई बहन रक्षाबंधन का त्योहार पर बहन अपने भाईयो की कलाईयों पर राखी बांधी गई। भाईयों ने भी बहनों को उपहार दिया।*

### जेल पहुंचकर बहनों ने भाइयों को बांधे रक्षा सूत्र, भाइयों ने अपराध नहीं करने का दिया वचन

**हरदा।** रक्षाबंधन के पर्व पर शनिवार को जिला जेल के बाहर सुबह से ही बहनों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। जेल प्रशासन ने कैदी भाइयों और उनकी बहनों के लिए विशेष इंतजाम किए। जेल और जिला पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करते हुए अतिरिक्त जवान भी तैनात किए। जेल के मुख्य द्वार पर राखी बांधने की व्यवस्था की गई। जेल प्रहरियों ने बहनों की ओर से लाई गई मिठाई और सामान को जांचने के बाद उन्हें भीतर जाने की इजाजत दी। जेल में बंद अपने भाइयों से मिलकर बहनें खुश और उत्साहित दिखाई दीं। इस दौरान कई भावुक क्षण भी आए। भाई को कैद में देखकर कई बहनों की आंखों में आंसू आ गए। बहनों का प्यार देखकर जेल में बंद कई कैदियों ने उनसे आगे कोई अपराध नहीं करने का वादा किया। उन्होंने जेल से छूटने के बाद अपराध की दुनिया से दूर रहकर अच्छा नागरिक बनने का वचन दिया। हरदा की रहने वाली नेहा मालवीय ने बताया कि वह अपने भाई से मिलने आई थीं। उन्होंने जेल में बंद अपने भाई को राखी बांधकर मिठाई खिलाई। इस दौरान उन्होंने भाई से वचन लिया कि आगे से वह कोई गलत काम नहीं करेगा।

#### भाइयों से मिलने और रक्षा सूत्र बांधने का मौका मिला

डिप्टी जेलर मनीषा यादव ने बताया कि जेल में रक्षा बंधन को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए थे। यदि कोई बहन नारियल या मिठाई नहीं ला पाई थी तो उन्हें जेल प्रशासन ने उपलब्ध करवा दिया। बंदियों की बहनों को जेल में आकर अपने भाइयों से मिलने और रक्षा सूत्र बांधने का मौका मिला। विशेष मुलाकात के दौरान रक्षा बंधन से जुड़ी सामग्री लाने की छूट भी दी गई। इच्छुक बहनों और उनके साथ 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को पहचान पत्र प्रस्तुत करने पर इस सुविधा का लाभ दिया गया। बहनों को 150 ग्राम मिठाई, फूटा हुआ नारियल और कुंकुम-चावल लाने की अनुमति दी गई।



## ट्रैफिक पुलिस की पहल

### 30 हेलमेट निशुल्क बांटे, नियम का पालन का लिया संकल्प



**हरदा।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर ट्रैफिक पुलिस ने एक सकारात्मक पहल की। पुलिस ने बिना हेलमेट के वाहन चला रहे भाइयों को उनकी बहनों के हाथों हेलमेट पहनवाया और यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प दिलाया। शनिवार को शहर के बायपास रोड पर ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान कोई चालान नहीं काटा। इसके बजाय उन्होंने बहनों के हाथों से भाइयों को हेलमेट पहनवाए और उन्हें ट्रैफिक नियमों का पालन करने की सीख दी। राखी के पर्व पर सैकड़ों भाई अपनी बहनों को उनके बच्चों के साथ अपने घर ले जाने निकले थे। इनमें से कई लोगों ने हेलमेट नहीं पहना था। ट्रैफिक थाना प्रभारी उमेश ठाकुर ने इस अवसर पर बाइक चालकों को राखी बांधी और उन्हें हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया।

पुलिस ने बाइक चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए मुफ्त हेलमेट भी वितरित किए। साथ ही, उन्होंने नशीले पदार्थों के सेवन और अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना था। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि बहनें अपने भाइयों को हेलमेट पहनाकर उनसे वचन लें कि वे हमेशा हेलमेट लगाकर बाइक चलाएंगे। वर्तमान समय में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली वृद्धि और दोपहिया वाहन चालकों की मृत्यु संख्या को देखते हुए यह पहल विशेष महत्व रखती है। रक्षाबंधन के इस पुनीत पर्व पर हरदा यातायात पुलिस का अभियान त्योहार पर बहनों को ले जा रहे भाइयों की सुरक्षा पर केंद्रित रहा।

### नानी के घर आए युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**हरदा।** शनिवार सुबह सिविल लाइन थाना क्षेत्र के टंकी मोहल्ले में एक 18 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान खंडवा जिले के रोशनी पटाजन निवासी मोहित के रूप में हुई है। मोहित करीब एक महीने पहले ही अपने गांव से नानी के घर आया था। शुक्रवार रात लगभग 12 बजे उसने अपनी नानी से बात की थी। इसके बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया था। सुबह जब नानी ने कमरे में देखा तो मोहित फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है। अभी तक युवक द्वारा आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# हेमाद्री संकल्प स्नान और ऋषि तर्पण के बाद सभी ने अपनी कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांधे

## ब्राह्मण सामाज का विशेष आयोजन : श्रावणी उपाकर्म पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया

**हरदा।** सावन मास के अंतिम दिन शनिवार को श्रावणी उपाकर्म पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। सर्वब्राह्मण और नार्मदीय ब्राह्मण समाज ने इस अवसर पर विशेष आयोजन किए। करीब पांच घंटे तक चले हेमाद्री संकल्प स्नान और ऋषि तर्पण के बाद सभी ने अपनी कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांधे। श्रावण शुक्ल पूर्णिमा पर ब्राह्मणों ने विधि-विधान से अपने जनेऊ बदले और बटुकों को नई जनेऊ धारण कराई गई। शहर के खेडीपुरा स्थित नार्मदीय ब्राह्मण समाज धर्मशाला में पंडितों के मार्गदर्शन में ब्राह्मणों ने विधिवत पूजन-अर्चन कर जनेऊ धारण किया। इसी प्रकार कुसुम कुंज कालोनी के राम मंदिर में सर्व ब्राह्मण समाज ने भी विधि-विधान से श्रावणी पर्व मनाया। सामाजिक बंधुओं को हेमाद्रि दस विधि और पंचगव्य स्नान कराकर विधिवत पूजन के बाद यज्ञोपवीत धारण कराए गए। सप्त ऋषियों को यज्ञोपवीत चढ़ाकर सभी ने नए यज्ञोपवीत धारण किए। सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुनील तिवारी ने बताया कि आयोजन में शामिल होने वाले सभी विप्र बंधुओं को पूजा सामग्री निशुल्क प्रदान की गई।



### यज्ञोपवीत या जनेऊ आत्मसंयम का संस्कार है

आचार्य ओमप्रकाश पुरोहित ने इस अवसर पर बताया कि इस दिन गुरु के सानिध्य में ब्रह्मचारी गाय के दूध, दही, घी, गोबर, गोमूत्र तथा कुशा से स्नान करते हैं। इससे वर्षभर में जाने-अनजाने में हुए पाप कर्मों का प्रायश्चित होता है और जीवन सकारात्मकता से भर जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि यज्ञोपवीत या जनेऊ आत्मसंयम का संस्कार है। इससे व्यक्ति का दूसरा जन्म हुआ माना जाता है और वह द्विज कहलाता है। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुनील तिवारी, चंद्रकांत शुक्ला, अखिलेश पाराशर, रोहित तिवारी, सचिन व्यास, दीपक चौबे, अमित शर्मा, दीपक शुक्ला, संदीप पुरोहित आदि मौजूद थे।

# दो सड़क हादसे में 5 लोग घायल, युवक व युवती गंभीर, जिला अस्पताल में भर्ती

## रजनी, बेटी प्रणवी को रक्षाबंधन के लिए कपड़े दिलाने ले जा रही थीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में शुक्रवार की शाम दो अलग-अलग जगहों पर सड़क हादसे हुए, जिनमें पांच लोग घायल हो गए। हादसों में एक दिव्यांग महिला, उसकी बेटी, और दूसरे में एक युवक व युवती गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पहला हादसा वार्ड नंबर 25 की रहने वाली दिव्यांग महिला रजनी धाकड़ शुक्रवार शाम अपनी बेटी प्रणवी को रक्षाबंधन के लिए कपड़े दिलाने स्कूटी से बाजार ले जा रही थीं। उनके साथ उनका देवर दिनेश भी था। रजनी ने बताया कि वह पति के निधन के बाद नगर पालिका की दीनदयाल रसोई में खाना बनाने का काम करती हैं। जब वे तीनों स्कूटी से जा रहे थे, तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात चौपहिया वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गिर पड़े। चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को ऑटो की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया।

शुक्रवार शाम ही दूसरा हादसा टिमरनी तहसील के ग्राम बाजनिया के युवक के साथ हुआ। 21 वर्षीय सुनील पिता संतोष सकतपुरी अपनी महिला मित्र आरती मर्सकोले (निवासी रायबोर) के साथ हरदा से बाजार करके बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। गांव खिड़कीवाला के पास एक स्पीड ब्रेकर पर उनकी बाइक असंतुलित होकर उछल गई और दोनों सड़क पर गिर पड़े। हादसा इतना जबरदस्त था कि दोनों को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

### दो कउव में रखा गया

दोनों हादसों के घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुनील और आरती की हालत गंभीर है, जिन्हें कउव में रखा गया है। रजनी धाकड़, उनकी बेटी और देवर का भी इलाज जारी है। पहले हादसे के फरार वाहन चालक की तलाश में पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। दूसरे मामले में तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चलाने की बात सामने आई है। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

# राजस्थान में खेजड़ी के हजारों पेड़ों की कटाई का विरोध जताया



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

बिश्नोई समाज ने राजस्थान के बाड़मेर जिले के बरियाड़ गांव में खेजड़ी के हजारों पेड़ों की कटाई का विरोध किया है। शुक्रवार को समाज के सदस्यों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार राजेंद्र पंवार को ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय बिश्नोई युवा संगठन के प्रदेशाध्यक्ष लोकेश पंवार ने कहा कि एक तरफ देश और प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम लगाने का अभियान चल रहा है। दूसरी तरफ सोलर प्लांट लगाने के लिए हजारों खेजड़ी के पेड़ काटे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि खेजड़ी के पेड़ बिश्नोई समाज में पूजनीय और सम्मान के प्रतीक हैं। सन 1730 में राजस्थान के जोधपुर जिले के खेजड़ली गांव में अमृता देवी बिश्नोई के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं और बच्चों सहित 363 बिश्नोई इन्हीं पेड़ों की रक्षा के लिए शहीद हुए थे। पंवार ने कहा कि बिश्नोई समाज पर्यावरण प्रेमी है। पेड़ों और जीवों की रक्षा के लिए हजारों बिश्नोई भाई-बहनों ने अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार दोषियों पर कार्रवाई करके वृक्षों की कटाई नहीं रोकती है, तो बिश्नोई समाज पूरे देश में आंदोलन का रास्ता अपनाएगा। इस अवसर पर बिश्नोई समाज के कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# वैष्णवी आत्महत्या मामले में अब पति को भी मिली जमानत सास-ससुर को पहले मिल चुकी

## मौके पर एक सुसाइड नोट भी मिला है। जो रोमन अंग्रेजी में लिखा है

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

इंदौर के दवा व्यापारी आयुष चाचरे की काउंसलर पत्नी वैष्णवी की आत्महत्या मामले में न्यायालय ने आयुष को भी अग्रिम जमानत दे दी है। इस मामले में 18 जुलाई को आयुष के पिता कृष्णा दास चाचरे और 3 जुलाई को आयुष की माँ संगीता चाचरे को जमानत मिल चुकी है।

आयुष के अधिवक्ता अभिजीत दुबे और विजय साँखला ने बताया कि घटना दिनांक 22 अप्रैल को वैष्णवी ने आत्महत्या की थी। इस दौरान मौके पर एक सुसाइड नोट भी मिला है। जो रोमन अंग्रेजी में लिखा है। इसमें वैष्णवी ने लिखा, ह्यअब और कुछ नहीं कर सकती, ये मेरा आखिरी ऑप्शन है। मैं सेल्फ रिस्पेक्ट के साथ जीना चाहती थी। मेरी इच्छा से जा रही हूं, किसी को दोष न दें।ह्ल अंत में उसने ह्यआई एम सॉरी, आई क्विटह्ल लिखकर अपनी बात समाप्त की। अधिवक्ता साँखला ने बताया कि वैष्णवी ने क्लिनिकल साइकोलॉजी में ग्रेजुएशन किया था और अप्रैल माह में एक प्राइवेट जॉब शुरू किया था, लेकिन महज 10 दिन में वहाँ से निकाल दिया था। जॉब से निकालने के महज 5 दिन में उसने यह कदम उठाया लिया। उन्होंने कहा कि वैष्णवी स्वाभिमानी थी ( जैसा सुसाइड नोट में लिखा) इसलिए आशंका हो सकती है कि जॉब जाने के कारण यह कदम उठाया हो। उन्होंने कहा कि यदि ससुराल पक्ष के लोग वैष्णवी को प्रताड़ति करते तो वह सुसाइड नोट में इसका उल्लेख करती। जबकि उसने तो स्पष्ट लिखा कि वह किसी को ब्लेम नहीं कर रही है। मालूम हो कि 24 वर्षीय नवविवाहिता वैष्णवी पटेल की शादी तीन साल पहले आयुष चाचरे से हुई थी। हालांकि घटना के बाद वैष्णवी के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज और नकद पैसों के लिए मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाकर मामला दर्ज कराया है।

### मुंगावली गांव में स्कूल वाहन पलटा, तीन स्टूडेंट्स घायल

**सीहोर।** जिले के जमुनिया में स्थित फयूचर एकेडमी स्कूल की एक स्कूल वाहन के पलट जाने से बड़ा हादसा होते-होते बच गया। स्कूल वाहन में सवार बच्चों को मामूली चोटें आई हैं। यह घटना मुंगावली के पास हुई, जिसने स्कूल प्रशासन की लापरवाही और खटारा वाहनों के संचालन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

ग्रामीणों के अनुसार हादसा एक बार नहीं, बल्कि दो बार हुआ। पहले खराब सडक़ के कारण बस रास्ते से उतर गई थी। इसके बाद बच्चों को दूसरी बस में बैठाया गया, लेकिन वह दूसरी बस भी कुछ दूर जाकर पलट गई। इस लापरवाही से बच्चों की जान खतरे में पड़ गई थी। घटना ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा दिया है कि ऐसे खस्ताहाल वाहन सडक़ों पर कैसे चल रहे हैं। क्यों नहीं इन निजी स्कूलों और उनके वाहनों की नियमित जांच की जाती है।

# बसपा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव बौद्ध के नेतृत्व में शुक्रवार को बसपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा कलेक्ट्रोरेट कार्यालय पहुंच ज्ञापन सौंपा गया। कमलेश दोहरे ने ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि सीहोर में कुबरेश्वर धाम में कथावाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा पिछले तीन-चार वर्षो से कभी रुद्राक्ष वितरण तो कभी अभिषेक तो कभी कांवड़ तो कभी कथा के नाम पर आयोजन कर पूरे देश भर से लोगों को आमंत्रित कर कथावाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा कथा के दोरान कई टोने-टोटके बताए जाते हैं। जिससे बीमार , दुःखी, आर्थिक तंगी, बेरोजगारी से परेशान लोग यह सोचकर यहां आते हैं की हमारे दुख दूर हों जाएंगे पर यहां आने के बाद कई लोग दोबारा जीवित नहीं पहुंच पाते और कई धक्के खाकर परेशान होकर वापस लोट जाते हैं और पहले भी कई मौते हो चुकी है ,इसी क्रम में दिनांक 5/8/2025 को रूद्राक्ष वितरण के दौरान मचि भगदड़ में दो महिलाओं की मौत और कई लोग घायल हुए, इतनी दुखद घटना के बाद भी 6/8/2025 को कथावाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा देश भर के भाई डेसिबल के डीजे कांवड़ यात्रा में प्रतियोगिता के लिए आमंत्रित किए, जिसमें 300 से 400 डेसिबल के डीजे थे। जबकि माननीय न्यायालय के आदेश है कि 75 डेसिबल से अधिक के साउंड प्रतिबंधित है, इसके वाबजूद भी कानून का उलंघन करते हुए कथावाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा ऐसे गैर कानूनी काम को अंजाम दिया गया। जिसके परिणाम स्वरूप 5-6 लोगों की और मौत हों गई। श्रद्धालुओं की मौत के कथावाचक एवं आयोजन समिति मौतों के लिए जिम्मेदार है। केवल डीजे संचालकों पर कार्यवाही करना पर्याप्त नहीं है। डीजे संचालकों को बुलाएं जाने वाले कथावाचक प्रदीप मिश्रा एवं समिति भी उक्त कार्य के लिए जिम्मेदार है। कथावाचक प्रदीप मिश्रा एवं समिति पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करना बेहद आवश्यक है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि कथावाचक प्रदीप मिश्रा भारतीय संविधान को बदलने एवं हिन्दुओं के भगवान राधा कृष्ण, कायस्थ समाज के आराध्य देव चित्रगुप्त भगवान महिलाओं और की साम्प्रदायिक वयान दे चुके है और इनके द्वारा कार्यक्रम आयोजन की तैयारी में जिला प्रशासन लगा रहता है, जिसमें शिक्षकों की भी ड्यूटी लगाई जाती है।

